# साखियाँ एवं सबद

## पठन सामग्री तथा भावार्थ

### साखियाँ

**मानसरोवर सुभर जल, हंसा केलि कराहिं।**
**मुकताफल  मुकता चुगैं, अब उड़ि अनत न जाहिं।1।**

**अर्थ -** इस पंक्ति में कबीर ने व्यक्तियों की तुलना हंसों से करते हुए कहा है की जिस तरह हंस मानसरोवर में खेलते हैं और मोती चुगते हैं, वे उसे छोड़ कहीं नही जाना चाहते ठीक उसी तरह मनुष्य भी जीवन के मायाजाल में बंध जाता है और इसे ही सच्चाई समझने लगता है।

**प्रेमी ढूंढ़ते मैं फिरौं, प्रेमी मिले न कोइ।**
**प्रेमी कौं प्रेमी मिलै, सब विष अमृत होइ।2।**

**अर्थ -** यहां कबीर यह कहते हैं की प्रेमी यानी ईश्वर को ढूंढना बहुत मुश्किल है। वे उसे ढूंढ़ते फिर रहे हैं परन्तु वह उन्हें मिल नही रहा है। प्रेमी रूपी ईश्वर मिल जाने पर उनका सारा विष यानी कष्ट अमृत यानी सुख में बदल जाएगा।

**हस्ती चढ़िए ज्ञान कौ, सहज दुलीचा डारि।**
**स्वान रूप संसार है, भूँकन दे झक मारि।3।**

**अर्थ -** यहां कबीर कहना चाहते हैं की व्यक्ति को ज्ञान रूपी हाथी की सवारी करनी चाहिए और सहज साधना रूपी गलीचा बिछाना चाहिए। संसार की तुलना कुत्तों से की गयी है जो आपके ऊपर भौंकते रहेंगे जिसे अनदेखा कर चलते रहना चाहिए। एक दिन वे स्वयं ही झक मारकर चुप हो जायेंगे।

**पखापखी के कारनै, सब जग रहा भुलान।**
**निरपख होइ के हरि भजै, सोई संत सुजान।4।**

**अर्थ -** संत कबीर कहते हैं पक्ष-विपक्ष के कारण सारा संसार आपस में लड़ रहा है और भूल-भुलैया में पड़कर प्रभु को भूल गया है। जो ब्यक्ति इन सब झंझटों में पड़े बिना निष्पक्ष होकर प्रभु भजन में लगा है वही सही अर्थों में मनुष्य है।

**हिन्दू मूआ राम कहि, मुसलमान खुदाई।**
**कहै कबीर सो जीवता, दुहुँ के निकटि न जाइ।5।**

**अर्थ -** कबीर ने कहा है की हिन्दू राम-राम का भजन और मुसलमान खुदा-खुदा कहते मर जाते हैं, उन्हें कुछ हासिल नही होता। असल में वह व्यक्ति ही जीवित के समान है जो इन दोनों ही बातों से अपने आप को अलग रखता है।

**काबा फिरि कासी भया, रामहिं भया रहीम।**
**मोट चुन मैदा भया, बैठी कबीरा जीम।6।**

**अर्थ -** कबीर कहते हैं की आप या तो काबा जाएँ या काशी, राम भंजे या रहीम दोनों का अर्थ समान ही है। जिस प्रकार गेहूं को पीसने से वह आटा बन जाता है तथा बारीक पीसने से मैदा परन्तु दोनों ही खाने के प्रयोग में ही  लाए जाते हैं। इसलिए दोनों ही अर्थों में आप प्रभु के ही दर्शन करेंगें।

**उच्चे कुल का जनमिया, जे करनी उच्च न होइ।**
**सुबरन कलस सुरा भरा, साधू निंदा सोई।7।**

**अर्थ -** इन पंक्तियों में कबीर कहते हैं की केवल उच्च कुल में जन्म लेने कुछ नही हो जाता, उसके कर्म ज्यादा मायने रखते हैं। अगर वह व्यक्ति बुरे कार्य करता है तो उसका कुल अनदेखा कर दिया जाता है, ठीक उसी प्रकार जिस तरह सोने के कलश में रखी शराब भी शराब ही कहलाती है।

## सबद

**मोको कहाँ ढूँढ़े बंदे , मैं तो तेरे पास में ।**
**ना मैं देवल ना मैं मसजिद, ना काबे कैलास में ।**
**ना तो कौने क्रिया - कर्म में, नहीं योग वैराग में ।**
**खोजी होय तो तुरतै मिलिहौं, पलभर की तलास में ।**
**कहैं कबीर सुनो भई साधो, सब स्वासों की स्वास में॥**

**अर्थ -** इन पंक्तियों में कबीरदास जी ने बताया है मनुष्य ईश्वर में चहुंओर भटकता रहता है। कभी वह मंदिर जाता है तो कभी मस्जिद, कभी काबा भ्रमण है तो कभी कैलाश। वह इश्वार को पाने के लिए पूजा-पाठ, तंत्र-मंत्र करता है जिसे कबीर ने महज आडम्बर बताया है। इसी प्रकार वह अपने जीवन का सारा समय गुजार देता है जबकि ईश्वर सबकी साँसों में, हृदय में, आत्मा में मौजूद है, वह पलभर में मिल जा सकता है चूँकि वह कण-कण में व्याप्त है।

**संतौं भाई आई ग्याँन की आँधी रे ।**
**भ्रम की टाटी सबै उड़ानी, माया रहै न बाँधी ॥**
**हिति चित्त की द्वै थूँनी गिराँनी, मोह बलिण्डा तूटा ।**
**त्रिस्नाँ छाँनि परि घर ऊपरि, कुबुधि का भाण्डा फूटा॥**
**जोग जुगति करि संतौं बाँधी, निरचू चुवै न पाँणी ।**
**कूड़ कपट काया का निकस्या, हरि की गति जब जाँणी॥**
**आँधी पीछै जो जल बूठ , प्रेम हरि जन भींनाँ ।**
**कहै कबीर भाँन के प्रगटै, उदित भया तम खीनाँ ॥**

**अर्थ -** इन पंक्तियों में कबीर जी ने ज्ञान की महत्ता को स्पष्ट किया है। उन्होंने ज्ञान की तुलना आंधी से करते हुए कहा है की जिस तरह

आंधी चलती है तब कमजोर पड़ती हुई झोपडी की चारों ओर की दीवारे गिर जाती हैं, वह बंधन मुक्त हो जाती है और खम्भे धराशायी हो जाते हैं उसी प्रकार जब व्यक्ति को ज्ञान प्राप्त होता है तब मन के सारे भ्रम दूर हो जाते हैं, सारे बंधन टूट जाते हैं।
छत को गिरने से रोकने वाला लकड़ी का टुकड़ा जो खम्भे को जोड़ता है वो भी टूट जाता है और छत गिर जाती है और रखा सामान नष्ट हो जाता है उसी प्रकार ज्ञान प्राप्त होने पर व्यक्ति स्वार्थ रहित हो जाता है, उसका मोह भंग हो जाता है जिससे उसके अंदर का लालच मिट जाता है और मन का समस्त विकार नष्ट हो जाते हैं। परन्तु जिनका घर मजबूत रहता है यानी जिनके मन में कोई कपट नही होती, साधू स्वभाव के होते हैं उन्हें आंधी का कोई प्रभाव नही पड़ता है।
आंधी के बाद वर्षा से सारी चीज़ें धुल जाती हैं उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के बाद मन निर्मल हो जाता है। व्यक्ति ईश्वर के भजन में लीन हो जाता है।

**कवि परिचय**

**कबीर**
कबीर के जन्म और मृत्यु के बारे में अनेक मत हैं। कहा जाता है उनका जन्म 1398 में काशी में हुआ था। उन्होंने विधिवत शिक्षा नही प्राप्त की थी, परन्तु सत्संग, पर्यटन द्वारा ज्ञान प्राप्त किया था। वे राम और रहीम की एकता में विश्वास रखने वाले संत थे। उनकी मुख्या रचनाएँ कबीर ग्रंथावली में संग्रहित हैं तथा कुछ गुरुग्रंथ साहिब में संकलित हैं। उनकी मृत्यु सन 1518 में मगहर में हुआ था।

**कठिन शब्दों के अर्थ**

1. सुभर - अच्छी तरह भरा हुआ
2. केलि - क्रीड़ा
3. मुकताफल - मोती
4. दुलीचा - आसन
5. स्वान - कुत्ता
6. झक मारना - वक्त बर्बाद करना
7. पखापखी - पक्ष-विपक्ष
8. कारनै - कारण
9. सुजान - चतुर
10. निकटि -निकट
11. काबा - मुसलमानों का पवित्र तीर्थस्थल।
12. मोट चुन - मोटा आटा
13. जनमिया - जन्म लेकर
14. सुरा - शराब
15. टाटी - लकड़ी का पल्ला
16. थुँनी - स्तम्भ
17. बलिन्डा - छप्पर की मजबूत मोटी लकड़ी।
18. छाँनि - छप्पर

19.भांडा फूटा - भेद खुला
20.निरचू - थोड़ा भी
21.चुवै - चूता है
22.बता - बरसा
23.खीनाँ - क्षीण हुआ।

**पाठ का सार**

1. कबीरदास जी कहते हैं कि जिस प्रकार हंस मानसरोवर के स्वच्छ एवं पावन जल को छोड़कर कहीं दूसरी जगह नहीं जाते, उसी प्रकार संत लोग भगवान की भक्ति के आनंद रूपी सरोवर को छोड़कर कहीं नहीं जाते।

2. ईश्वर का एक भक्त दूसरे भक्त से मिलकर बहुत प्रसन्न होता है तथा दो भक्तों के मिलन से कलुषित वातावरण भी आनंदमय तथा पवित्रा हो जाता है।

3. ईश्वर की भक्ति तथा ज्ञान से ओत-प्रोत प्रभु-भक्त का यह संसार कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता।

4. सत्य का ज्ञान रखने वाला श्रेष्ठ संत कभी भी तर्क-वितर्क तथा ईर्ष्या-द्वेष के विवाद में नहीं पड़ता, वह हमेशा ईश्वर की भक्ति एवं भजन में ही लीन रहता है।

5. मनुष्य को राम तथा खुदा में भेद-भाव नहीं करना चाहिए। ईश्वर एक है। ईश्वर को ईश्वर ही मानना चाहिए।

6. काबा तथा काशी में, राम तथा रहीम में भेदभाव को त्यागकर तथा अपनी-अपनी धर्मिक कट्टरता को छोड़कर हिंदू और मुसलमानों को एक साथ राम तथा रहीम दोनों की उपासना करनी चाहिए।

7. मनुष्य अपने फल से नहीं बल्कि अपने श्रेष्ठ कर्मों से महान बनता है।

8. ईश्वर मंदिर, मस्जिद, पूजा-पाठ आदि कार्यों या योग- साध्ना में नहीं रहता, वह तो हर प्राणी की साँस में बसा हुआ है, उसे सच्ची तलाश से अतिशीघ्र पाया जा सकता है।

9.. ज्ञान की आँधी आने पर मन का सारा भ्रम नष्ट हो गया। माया-मोह के बंध्न छूट गए। तृष्णा, कुबुद्धि तथा संदेह भी नष्ट हो गया। ईश्वर का ज्ञान होने से आत्मा खुश हो गई तथा सारा अज्ञान नष्ट हो गया।